माँ मैं तेरा लाडला भजन लिरिक्स

माँ मैं तेरा लाडला,

ऊँगली पकड़ के ले आई मुझे,
नौरात्रि में बुलाई मुझे,
माँ ओ मेरी माँ मै तेरा लाडला।bd।

देखी ऐसी जन्नत ना देखी और कहीं,
तेरी वैष्णो नगरी है दुनिया से हंसी,
रखना मुझे चरणों तले पूजा करूँ तेरी,
तेरे बिना तू ही बता क्या ज़िन्दगी मेरी,
मैं तो तेरे बाँहों की गोद में पला
माँ ओ मेरी माँ मै तेरा लाडला।bd।

हार के जब राह में मैं थक गया था माँ,
आके उसी पल तूने पकड़ा मेरा हाथ,
ऐसी दया किस भाव पे मैया जो तूने किया,
ऐसी खुशी दे दी मुझे अपना बना लिया,
तू नहीं तो दुनिया में कुछ नहीं मेरा,
माँ ओ मेरी माँ मै तेरा लाडला।bd।

कैसे करूँ शुक्रिया ये तो बता,
किस जनम का मैया उपकार ये किया,
दुनिया मेरी बदलने लगी जो साथ तू मेरे,
साथी कोई तुमसे नहीं 'संजीव' ये कहे,
प्रेम ये तुम्हारा हो कभी ना कम,
माँ ओ मेरी माँ मै तेरा लाडला।bd।

ऊँगली पकड़ के ले आई मुझे,
नौरात्रि में बुलाई मुझे,
माँ ओ मेरी माँ,
माँ मैं तेरा लाडला,
मैं तेरा लाडला।bd।

Singer / Writer – Sanjeev Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com